# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ

## Chaudhary Charan Singh University, Meerut


पत्रांक : सम्बद्धता/942
दिनांक :- 03/7/2024

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः– विश्वविद्यालय द्वारा विकसित पोर्टल पर सूचनाएँ अपलोड कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांकः सम्बद्धता/487, दिनांक 07.05.2022 एवं सम्बद्धता/1798, दिनांक 20.07.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विश्वविद्यालय के द्वारा विकसित पोर्टल पर समस्त सूचनाए अपलोड किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु कतिपय संस्थानों/महाविद्यालयों द्वारा संस्थान से सम्बन्धित सूचनाएँ उपरोक्त पोर्टल पर अपलोड की गयी है। शेष संस्थानों द्वारा अपनी सूचना अपलोड किया जाना अपेक्षित है। जिस कारण मा0 कुलपति महोदया द्वारा गहरी नराजगी व्यक्त की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप विश्वविद्यालय द्वारा विकसित आनलाईन पोर्टल पर दिये गये लिंक http://www.ccsum.org.in/index.php पर संस्थान में कार्यरत प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय से अनुमोदित प्रत्येक शिक्षक का विवरण अपलोड करते हुए सम्बन्धित अभिलेख विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

03.7.24

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रभारी वेबसाइड, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)